खबर संक्षेप



जुआ खेलते 6 पकड़ाए, 3640 रूपये किये जब्त

कटनी। माधवनगर और कोतवाली थाना क्षेत्रों में पुलिस ने आधा दर्जन जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जुआरियों के पास से 3,470 रूपये जब्त कर जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार माधवनगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कैरन लाइन स्थित शिव मंदिर के पीछे कुछ लोग इकट्ठा होकर हार-जीत की बाजी लगा रहे हैं। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर घेराबंदी कर दबिश दी, जहां तीन लोग ताश के पत्तों से जुआ खेलते पाए गए जिनमें दिनेश कुमार मंगवानी 50 वर्ष निवासी एमईएस कॉलोनी, मयूर सभाचंदानी 22 वर्ष निवासी कैरन लाइन एवं सोनू उर्फ मोना जैठानी 34 वर्ष निवासी कैरन लाइन शामिल हैं। पुलिस ने 3,300 रूपये नगद जब्त किए। आरोपियों के खिलाफ धारा 13 जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसी तरह कोतवाली पुलिस की गश्ती टीम ने मुख्य रेलवे स्टेशन के पास ऑटो स्टैंड पर दबिश दी। जुआ खेल रहे तीन आरोपियों को दबोच लिया जिनमें विक्रम यादव 33 वर्ष निवासी हाउसिंग बोर्ड, माधवनगर, अमित जाटव 45 वर्ष निवासी खिरहनी फाटक, कृष्णा चांदवानी 19 वर्ष निवासी सब्जी मंडी, गुरुनानक वार्ड शामिल हैं। पुलिस ने जुआरियों के पास से 170 रूपये बरामद किए। सभी के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत मामला पंजीकृत कर लिया है।

हादसे में थम गई सांसें

कटनी। स्लीमनाबाद एवं विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र में दो लोगों की मौत होने की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के पडवार रोड खेल मैदान के पास छुट्टू चौधरी 45 वर्ष की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें इलाज के लिए जिला चिकित्सालय कटनी में भर्ती कराया गया था। रविवार रात इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई की सूचना पर स्लीमनाबाद पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। मृत्यु के सही कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। इसी तरह विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत जंगलपुरैनी और नरेडी के बीच दोपहर 2 बजे एक सड़क हादसा हो गया। हादसे में ग्राम पौनिया (थाना बड़वारा) निवासी कमलेश सिंह उर्फ घुल्ली सिंह 30 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मृतक के भाई तेजभान सिंह ने पुलिस को दी। विजयराघवगढ़ पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटना कारित करने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

कार और ऑटो की हुई भिड़ंत, युवक घायल

कटनी। एक कार और ऑटो की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस सड़क हादसे में ऑटो में सवार एक युवक घायल हो गया है, जिसे प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-30 स्थित पड़ुआ मोड़ के सामने नायरा पेट्रोल पंप के पास हुआ। जानकारी के अनुसार पहाड़ी निवार निवासी दीपक बसोर (24 वर्ष) ऑटो से पिपरौध क्षेत्र से गुजर रहे थे। इसी दौरान पड़ुआ मोड़ के सामने नायरा पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार कार और ऑटो के बीच अनियंत्रित होकर सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार दीपक बसोर को शरीर में कई जगह हल्की चोटें आईं। सूचना मिलते ही माधवनगर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को इलाज के लिए भिजवाया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और चश्मदीदों की मदद से आरोपी चालक व वाहन की तलाश में जुटी हुई है।

चोर बदमाश आये दिन वारदातों को दे रहे अंजाम, कहीं घरों के चटका रहे ताले तो कहीं पार हो रहे वाहन

पुलिस कर रही अपराधियों की धरपकड़ के दावे, चोरी की बढ़ती वारदातें दावों की खोल रही पोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर सहित ग्रामीण अंचलों में सक्रिय चोर बदमाश कहीं घरों ताले चटका रहे हैं तो कहीं वाहनों की चोरियां कर रहे हैं। आये दिन किसी न किसी क्षेत्र में चोरी की वारदातें हो रही है। एक ओर पुलिस अपराधिक गतिविधियों को रोकने एवं अपराधियों की धरपकड़ के लिये रात्रिकालीन गश्त के दावे कर रही तो दूसरी ओर चोर बदमाश वारदातों को अंजाम देकर पुलिसिया दावों की हवा निकाल रहे हैं।



मकान का ताला तोड़कर जेवरात व नकदी किये पार

माधवनगर थाना क्षेत्र में चोरो ने सूने मकान में वारदात को अंजाम दिया और सोने-चांदी के जेवर व नगदी रूपये लेकर चंपत हो गये। जानकारी के अनुसार माधवनगर थाना क्षेत्र की पाश कॉलोनी समदड़िया सिटी में चोरी की वारदात हुई। फरियादी विमल बिलौहा 43 वर्ष के घर से अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर सोने-चांदी के कीमती पायलों के जेवर और 30,000 रूपये पार कर दिये। घटना 2 अक्टूबर की रात करीब 8 बजे की बताई जा रही है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

दो स्थानों से बाइक चोरी

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आदर्श कॉलोनी निवासी सतेन्द्र सोनी 35 वर्ष के घर के बाहर खड़ी उनकी स्कूटर क्रमांक MP 21 ZD 7555, को अज्ञात चोर चुरा ले गए। शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

इसी तरह कुठला थाना क्षेत्र के इंद्रानगर तिराहा स्थित एक हार्डवेयर दुकान के बीच से चोरो ने मोटरसाइकिल पार कर दी। ग्राम सिमरा चहला टोला निवासी मुकेश कुमार बेन 37 वर्ष की बाइक क्रमांक MP 35 ZE 6680 दुकान के बाहर खड़ी थी, जिसे अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गया। मुकेश की ई-एफआईआर के आधार पर कुठला पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

पुलिस का कहना है कि वारदात स्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं और संदिग्धों से पूछताछ जारी है, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

कॉम्बिंग गश्त में वारंटियों को पकड़ा, बदमाशों की चेकिंग

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य के मार्गदर्शन में जिले में विशेष कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने फरार एवं वारंटियों की धरपकड़ के साथ आदतन अपराधियों की चेकिंग, अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई और सड़क सुरक्षा को लेकर भी कार्रवाई की। कॉम्बिंग गश्त के दौरान न्यायालयों से जारी 25 स्थाई वारंट एवं 91 गिरफ्तारी वारंट तामील कर संबंधित आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान विभिन्न मामलों में कुल 174 आरोपियों को पकड़ा गया।

अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने अपराधियों के घर पहुंचकर 61 गुंडा बदमाशों की चेकिंग की। वहीं अचानक दबिश देकर 46 निगरानी बदमाशों को भी चेक किया गया। इसके अलावा जिलाबदर किए गए 2 बदमाशों की भी जांच की गई।

अवैध शराब के परिवहन, विक्रय तथा सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन पर रोक लगाने के लिए पुलिस ने अभियान के दौरान आबकारी एक्ट के तहत 31 प्रकरण दर्ज किए। वहीं शराब पीकर वाहन चलाने वाले 6 वाहन चालकों के खिलाफ धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। जुआ एक्ट के तहत भी 2 प्रकरण दर्ज किए गए।

परिशांति भंग करने की आशंका पाए जाने पर 4 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई। वहीं शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से 113 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 126 एवं 135 बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई।

कॉम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस ने न्यायालय से जारी 58 जमानती वारंट तामील किए। इसके साथ ही 98 समंस भी संबंधित व्यक्तियों को तामील कराए गए।

रात्रिकालीन गश्त के दौरान आने-जाने वाले 29 मुसाफिरों की चेकिंग की गई तथा उनका विवरण संबंधित रजिस्टर में दर्ज किया गया।



बुजुर्ग के बैंक खाते से पार किये 98 हजार

कटनी। कुठला थाना क्षेत्र में बुजुर्ग के बैंक खाते से 98,000 रूपये निकाले जाने की घटना हुई। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात ठग के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार फरियादी विजय कुमार पटेल 65 वर्ष मूल रूप से ग्राम बडेरा के निवासी हैं और वर्तमान में राम मनोहर लोहिया वार्ड नदी पार में रह रहे हैं। 29 सितंबर 2026 की शाम करीब 5:10 बजे अज्ञात साइबर ठगों ने विजय कुमार के बैंक खाते में सेंध लगाते हुए UPI ID के जरिए 98,000 रूपये की राशि अज्ञात खाते में ट्रांसफर कर ली। जब खाते से अचानक बड़ी रकम कटने का मैसेज मिला, तब पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ। विजय कुमार पटेल ने मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की। शिकायत की प्रामाणिकता जांचने के बाद कुठला पुलिस न अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीकृत कर लिया है। पुलिस साइबर सेल की मदद से संबंधित UPI आईडी और ट्रांजैक्शन ट्रेल को ट्रेस कर आरोपी तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

शासकीय मेडिकल कॉलेज की मांग को लेकर सत्याग्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



राज्य सरकार द्वारा कटनी में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर मेडिकल कॉलेज खोलने के निर्णय के विरोध में सोमवार से 'कटनी एक्शन कमेटी' के बैनर तले कलेक्ट्रेट परिसर के सामने अनिश्चितकालीन जन सत्याग्रह का आगाज किया गया। प्रदर्शन में जिले भर से आए युवाओं और नागरिकों ने एकजुट होकर हुंकार भरी और शासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे कटनी एक्शन कमेटी के संयोजक कृष्ण ने कहा कि कटनी की जनता वर्षों से पूर्णतः शासकीय मेडिकल कॉलेज की आस लगाए बैठी है। स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में जिला पहले से उपेक्षित है, ऐसे में सरकार जबरन पीपीपी मॉडल थोप रही है।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा जब तक कटनी जिले को पूर्ण सरकारी मेडिकल कॉलेज देने की आधिकारिक घोषणा नहीं होती, यह सत्याग्रह जारी रहेगा।ह युवाओं का तर्क है कि पीपीपी मॉडल से आम जनता को सस्ता व सुलभ इलाज मिलना असंभव हो जाएगा और यह संस्थान केवल व्यापार का केंद्र बनकर रह जाएगा।

कलेक्ट्रेट के सामने जारी इस सत्याग्रह को जिले के प्रमुख विपक्षी राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों का व्यापक समर्थन मिला है। युवा कांग्रेस, कांग्रेस, जनता दल और समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधियों ने धरना स्थल पर पहुंचकर युवाओं की मांग का समर्थन किया। नेताओं ने आश्वस्त किया कि कटनी के हक की इस लड़ाई को सड़क से लेकर सदन तक पूरी मजबूती से उठाया जाएगा।

सत्याग्रह में शामिल युवाओं और कार्यकर्ताओं ने आक्रोश जताते हुए कहा कि कटनी जिला राज्य को राजस्व देने में अग्रणी भूमिका निभाता है, इसके बावजूद जनस्वास्थ्य सेवाओं के मामले में जिले के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। कलेक्ट्रेट परिसर के सामने जारी इस उग्र आंदोलन और सत्याग्रहियों के कड़े रुख को देखते हुए स्थानीय प्रशासन की चिंताएं बढ़ गई हैं।

महिला मोर्चा की बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा



भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा, कटनी की प्रथम संगठनात्मक एवं परिचय बैठक जिला अध्यक्ष सपना सरावगी के नेतृत्व में आयोजित हुई। बैठक में संगठन को अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने तथा आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, महिला मोर्चा की संभाग प्रभारी एवं प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी डॉ. सारिका उपाध्याय एवं प्रदेश सह-कोषाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी श्रीमती अर्चना अग्रवाल का मार्गदर्शन प्राप्त महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुआ हुआ। बैठक में महिला कार्यकर्ताओं के आपसी परिचय, संगठनात्मक समन्वय एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर सार्थक संवाद हुआ। वक्ताओं ने महिला कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता के साथ संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने पर चर्चा की।

कलेक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन कर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



ओबीसी महासभा ने शहर के तहसीलदार और नजूल तहसीलदार की कार्यप्रणाली के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को दर्जनों कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन करते हुए शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने राजस्व अधिकारियों पर भ्रष्टाचार, पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने और गरीबों का मानसिक व आर्थिक शोषण करने का आरोप लगाते हुए उच्चस्तरीय जांच और निलंबन की मांग की है। धरने पर बैठे बी.के. पटेल ने कहा कि राजस्व अधिकारी गरीबों का हक मारकर पूंजीपतियों को फायदा पहुंचा रहे हैं।

प्रदर्शनकारियों ने ग्रामीण तहसीलदार रहते हुए अजीत तिवारी पर इमलिया स्थित अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई के बाद लेन-देन कर पुनर्निर्माण कराने का आरोप है। ग्राम पंचायत गैतरा (खसरा नंबर 378) में ब्याली भूमि को नियम विरुद्ध आबादी घोषित कर सरपंच की मिलीभगत से बिना मकान बने लोगों को पट्टे जारी किए गए। ग्राम स्वराजपुर खजुरी के किसान गोविंद पटेल की जमीन के नक्शा सुधार आवेदन को पूंजीपतियों के दबाव में खारिज करने का आरोप है। विश्राम बाबा वार्ड निवासी रामकुमार चक्रवर्ती के ईंट भट्ठों को जेसीबी से नष्ट कर लगभग 40 हजार रुपये कीमत की 5 ट्रॉली ईंटें जब्त की गईं। बेदखली के दौरान नजूल तहसीलदार पर आपत्तिजनक भाषा और शहर तहसीलदार पर महिलाओं, बच्चों व फरियादियों से अभद्रता करने के आरोप लगाए गए हैं।

ओबीसी महासभा ने चेतावनी दी है कि यदि 2 दिनों के भीतर दोषी तहसीलदारों को निलंबित कर उच्चस्तरीय जांच शुरू नहीं की गई और नुकसान की भरपाई नहीं हुई, तो संपूर्ण ओबीसी समाज एकजुट होकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने को मजबूर होगा।

झारखड के प्रतिनिधि मंडल के लिये स्लीमनाबाद वॉटर टनल बनी आकर्षण का केन्द्र

देश की सबसे लंबी वॉटर टनल जल प्रबंधन और तकनीक का अद्भुत संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नर्मदा के जल को दूर-दराज के खेतों तक पहुंचाने की संकल्पना को जमीन के भीतर आकार देती स्लीमनाबाद की देश की सबसे लंबी वाटर टनल सोमवार को झारखंड से आए इन्फ्लुएंसर्स के प्रतिनिधिमंडल के लिए आकर्षण का केंद्र बनी। सेवा संकल्प अभियान के तहत कटनी पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने स्लीमनाबाद स्थित वाटर टनल का अवलोकन किया और इसके निर्माण में अपनाई गई अत्याधुनिक तकनीक, बेजोड़ इंजीनियरिंग तथा विशाल जल परिवहन क्षमता की जानकारी प्राप्त की।

प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने टनल की निर्माण तकनीक और इसकी संरचना को करीब से समझा। उन्होंने कहा कि जमीन की सतह से कई मीटर नीचे इतनी लंबी और विशाल जल सुरंग का निर्माण इंजीनियरिंग की असाधारण उपलब्धि है। यह परियोजना आधुनिक तकनीक के साथ जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन की दिशा में भी महत्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत करती है।

12 किलोमीटर लंबी, 10.14 मीटर व्यास की जल सुरंग

नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के कार्यपालन यंत्री सहज श्रीवास्तव ने प्रतिनिधिमंडल को स्लीमनाबाद वाटर टनल की विशेषताओं और निर्माण प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लगभग 12 किलोमीटर लंबी इस वाटर टनल का व्यास 10.14 मीटर



है तथा इसमें 152 क्यूमेक पानी के डिस्चार्ज की क्षमता है। टनल का निर्माण कई स्थानों पर जमीन की सतह से लगभग 20 से 40 मीटर नीचे किया गया है।

उन्होंने बताया कि टनल के निर्माण के दौरान 10 लाख क्यूबिक मीटर से अधिक मिट्टी की खुदाई की गई। इतनी बड़ी मात्रा में भूमिगत खुदाई और निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप सुरंग का निर्माण अपने आप में इंजीनियरिंग की बड़ी चुनौती थी, जिसे आधुनिक तकनीक और विशेषज्ञता के माध्यम से पूरा किया गया।

लाखों हेक्टेयर खेतों तक पहुंचेगा नर्मदा का पानी

बरगी व्यपवर्तन परियोजना केवल एक वाटर टनल का निर्माण नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश के बड़े भू-भाग में सिंचाई के विस्तार की महत्वपूर्ण परियोजना है। इसके माध्यम से जबलपुर स्थित बरगी बांध से नर्मदा जल को सतना, मैहर, कटनी, रीवा और पन्ना जिलों तक पहुंचाया जाएगा। परियोजना से इन जिलों में कुल 1 लाख 85 हजार हेक्टेयर कमांड क्षेत्र को सिंचाई सुविधा का लाभ मिलेगा।

राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस को लेकर जारी किये दिशा निर्देश

6 लाख से अधिक नागरिकों को खिलाई जाएगी कृमिनाशक दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस 2026-27 का आयोजन 6 अक्टूबर को किया जाएगा। इस अवसर पर अभियान के तहत बच्चों एवं प्रजनन आयुवर्ग की गैर-गर्भवती महिलाओं को कृमिनाशक दवा का सेवन कराया जाएगा। साथ ही अभियान के दौरान दवा सेवन से वंचित रहने वाले हितग्राहियों के लिए 9 अक्टूबर को मॉप-अप दिवस आयोजित किया जाएगा। इसके लिए कलेक्टर आशीष तिवार ने स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास एवं शिक्षा विभाग को जरूरी दिशा-निर्देश दिये हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज सिंह ठाकुर ने बताया कि जिले में अभियान के तहत कुल 6 लाख 3 हजार 627 हितग्राहियों को कृमिनाशक दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इनमें 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 5 लाख 11 हजार 390 बच्चे तथा 20 से 49 वर्ष आयु वर्ग की 92 हजार 237 गैर-गर्भवती प्रजनन आयुवर्ग की महिलाएं शामिल हैं।

स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से विद्यालयों, निजी स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों एवं अन्य लक्षित संस्थानों में पात्र हितग्राहियों को निर्धारित कृमिनाशक दवा का सेवन कराया जाएगा। अभियान में आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम, सीएचओ, शिक्षक एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी दवा सेवन और पर्यवेक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

कृमि संक्रमण से स्वास्थ्य और विकास पर पड़ता है असर

कृमि संक्रमण बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण तथा शारीरिक एवं मानसिक विकास को प्रभावित कर सकता है। संक्रमण के कारण पेट दर्द, भूख में कमी, कमजोरी, थकान, एनीमिया एवं कुपोषण जैसी समस्याएं हो सकती हैं। लंबे समय तक संक्रमण रहने पर बच्चों की पढ़ाई, एकाग्रता और विद्यालयीन गतिविधियों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। कृमिनाशक दवा का नियमित सेवन संक्रमण को नियंत्रित करने में मदद करता है।

स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि कृमि संक्रमण की रोकथाम के लिए दवा सेवन के साथ स्वच्छता का ध्यान रखना भी जरूरी है। बच्चों को भोजन से पहले एवं शौचालय के बाद साबुन से हाथ धोने, साफ पानी पीने, नाखून छोटे एवं साफ रखने, खुले में शौच से बचने तथा फल-सब्जियों को अच्छी तरह धोकर खाने की आदत डालनी चाहिए।

9 अक्टूबर को मॉप-अप दिवस

यदि कोई पात्र बच्चा अथवा अन्य लक्षित हितग्राही किसी कारणवश 6 अक्टूबर को कृमिनाशक दवा का सेवन नहीं कर पाता है, तो उसे 9 अक्टूबर को मॉप-अप दिवस पर दवा खिलाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने सभी संबंधित विभागों एवं मैदानी अमले को शत-प्रतिशत लक्षित हितग्राहियों तक अभियान का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए हैं।

सीसी सड़क, नाली, हैंडपंप व चौपाल निर्माण में अनियमितता के आरोप, निष्पक्ष जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत बरेली में विकास कार्यों और शासकीय राशि के उपयोग को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों ने पंचायत में कराए गए सीसी सड़क, नाली, हैंडपंप खनन और चौपाल चबूतरा निर्माण सहित विभिन्न कार्यों में कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए जिला पंचायत और जनपद पंचायत से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत के रिकॉर्ड में दर्ज कुछ कार्य मौके पर स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं दे रहे हैं, जबकि कुछ कार्य अधूरे अथवा गुणवत्ता की कसौटी पर सवालों के घेरे में हैं। ग्रामीणों ने सभी निर्माण कार्यों का भौतिक सत्यापन, तकनीकी परीक्षण और भुगतान संबंधी दस्तावेजों की जांच कराने की मांग की है।ग्रामीणों के मुताबिक पंचायत में नियमित ग्रामसभा नहीं होने से स्वीकृत कार्यों, लागत और शासकीय राशि के खर्च की जानकारी आम लोगों तक पर्याप्त रूप से नहीं पहुंच पा रही है। चौपाल चबूतरा निर्माण कार्य की राशि निकाल निकल ही गई है जबकि निर्माण कर अभी नहीं करवाया गया और मजदूरी भुगतान को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। ग्रामीणों ने मस्टर रोल में दर्ज मजदूरों से मौके पर सीधे सत्यापन कराने की मांग की है।पंचायत में महिला सरपंच होने के बावजूद ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत के दैनिक कामकाज और निर्णयों में उनके पति जयपाल सिंह की भूमिका प्रभावी है।

ग्रामीणों का कहना है कि वे स्वयं को सत्तारूढ़ दल के समर्थक नेता के रूप में प्रस्तुत करते हैं, जिसके चलते पंचायत में कथित तौर पर मनमाने ढंग से कार्य किए जा रहे हैं और ग्रामीणों की आपत्तियों को नजरअंदाज किया जाता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शिकायत करने पर उन्हें झूठे प्रकरण में फंसाने और जेल भेजने की धमकी दिए जाने की बात कही जाती है।

ग्रामीणों की मांग है कि पिछले वर्षों के सभी विकास कार्यों की सूची तैयार कर रिकॉर्ड बनाम मौके की स्थिति का मिलान, मस्टर रोल सत्यापन और बैंक खाते, चेक, बिल-वाउचर सहित वित्तीय अभिलेखों की जांच कराई जाए। आरोप सही पाए जाने पर जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई और अधूरे कार्यों को पूरा करानेऐ जांच के बाद ही आरोपों की वास्तविकता स्पष्ट हो सकेगी।

खबर संक्षेप

अलग-अलग स्थानों में मारपीट की हुई घटनाएं

कटनी। अलग अलग थाना क्षेत्रों में मारपीट की घटनायें हुई।
उमरियापान थाना के ग्राम मंगेली में फरियादी चन्द्रभान सिंह गौड 43 वर्ष से उनके बेटे शुभम सिंह गौड ने शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। पिता द्वारा पैसे देने से मना करने पर आरोपी शुभम ने गालियां देते हुए अपने ही पिता के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। इसी तरह थाना रंगनाथ नगर क्षेत्र के कावसजी वार्ड में अड़ीबाजी की घटना सामने आई है। ग्राम बनवार निवासी शशि चौधरी 29 वर्ष से आरोपी राजा मदारी रैकवार 36 वर्ष ने शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। शशि द्वारा मना करने पर आरोपी ने गालियां दीं और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपित को नामजद कर जांच शुरू कर दी है। वहीं कोतवाली थाना अंतर्गत कुठला बस्ती के कोरी मोहल्ला में महिला से मारपीट की गई। प्रार्थिया सीता कोरी 37 वर्ष के साथ पड़ोस के दो युवकों ने मारपीट की। आरोपी संदीप साहू और विशाल कोरी दोनों निवासी कुठला बस्ती ने एक राय होकर महिला को गालियां दीं, मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला पंजीकृत किया है।

कटनी से खरीदी शराब, बरगवां स्टेशन में पकड़ाई

कटनी। ट्रेन के माध्यम से शराब की तस्करी करने वाले आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित द्वारा कटनी से मेमो ट्रेन में शराब की खेप लादकर रवाना हुआ था। आरोपी जितेंद्र सिंह राठौर 25 वर्ष कटनी रेलवे स्टेशन से 'कटनी-सिंगरौली मेमो ट्रेन' में सवार हुआ था। वह अपने साथ दो बड़े ट्रॉली बैग में 89 बोतल अवैध शराब भरकर ले गया था। आरोपी कटनी से ट्रेन के जरिए बरगवां (सिंगरौली) रेलवे स्टेशन पहुंचा और वहां के वेटिंग हॉल में अगली ट्रेन का इंतजार कर रहा था। मुखबिर की सटीक सूचना पर GRP और RPF की संयुक्त टीम ने उसे धर दबोचा। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने यह शराब कटनी से खरीदी थी और इसे सिंगरौली के स्थानीय इलाकों में खपाने की योजना थी। इस घटना के सामने आने के बाद कटनी GRP, RPF और स्थानीय आबकारी विभाग सतर्क हो गया है। कटनी जंक्शन और कटनी मुड़वारा स्टेशन पर चेकिंग अभियान तेज करने की योजना बनाई जा रही है, ताकि ट्रेन के माध्यम से हो रही अवैध शराब सप्लाई की चेन को कटनी स्तर पर ही तोड़ा जा सके।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की हुई मौत

कटनी। कुठला थाना क्षेत्र के लामतरा इंडस्ट्रियल एरिया के समीप सोमवार सुबह करीब 7 बजे हुए हादसे में 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बबलू भूमिया, पिता कुट्टू भूमिया के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, बबलू सड़क किनारे जा रहा था, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि युवक उछलकर सड़क किनारे झाड़ियों में जा गिरा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शुरुआत में झाड़ियों में शव मिलने पर हत्या की आशंका जताई जा रही थी, लेकिन पुलिस जांच में मामला सड़क हादसे का निकला है। पुलिस और परिजनों के अनुसार, वाहन की टक्कर से ही बबलू की मौत हुई है। सूचना मिलने पर कुठला पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त की और परिजनों को सूचना दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस अब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालकर टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है।

नाला के नीचे रेलवे पुल के पास मिली युवक की लाश

कटनी। बरही थाना क्षेत्र में खजुरा नाला के नीचे रेलवे पुल के पास एक अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया। मृतक पुरुष की उम्र करीब 20 से 25 वर्ष के बीच बताई जा रही है। फिलहाल मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस द्वारा मृतक की शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं।

विकासखंड स्तरीय अधिकारियों से समन्वय कर लंबित शिकायतों का करें निराकरण

मैदानी निरीक्षण कर समस्याओं की वास्तविकता से रूबरू हों अधिकारी, दफ्तरों तक न रहे सीमित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में कहा कि मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत आयोजित होने वाले शिविरों को प्रभावी बनाने के लिए सभी जिला स्तरीय अधिकारी शिविर के पूर्व संबंधित क्षेत्र का कम से कम एक बार मैदानी भ्रमण अवश्य करें। अधिकारी स्थानीय स्तर पर सामने आ रही समस्याओं, नागरिकों की शिकायतों तथा लंबित प्रकरणों की वास्तविक स्थिति की जानकारी लें और विकासखंड स्तरीय अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित उनके निराकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं और सेवाओं को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के साथ उनकी समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान सुनिश्चित करना है। इसलिए अधिकारी केवल कार्यालयीन स्तर पर समीक्षा तक सीमित न रहें, बल्कि मैदानी स्तर पर पहुंचकर समस्याओं की जानकारी लें और उनके निराकरण की प्रभावी मॉनिटरिंग करें। इस दौरान जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर एवं अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा

कलेक्टर श्री तिवारी ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुये सभी विभागों को लंबित शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत 9 अक्टूबर को रीठी में आयोजित होने वाले आगामी शिविर हेतु चयनित सीएम हेल्पलाइन एवं लोकसेवा गारंटी अधिनियम की शिकायतों का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य सेवाओं में लायें प्रगति

कलेक्टर श्री तिवारी ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान अनमोल पोर्टल पर गर्भवती माताओं की एएनसी जांच एवं एनीमिया के मामलों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विकासखंड चिकित्सा अधिकारियों को अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस दौरान टीबी मुक्त भारत अभियान की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना, 3 से 6 वर्ष के बच्चों के पंजीयन, पोषण पुनर्वास केंद्र में बच्चों की स्थिति तथा पोषण ट्रैकर में चिन्हांकित सैम एवं मैम बच्चों की स्थिति की भी समीक्षा की और संबंधित परियोजना अधिकारियों को लक्ष्यानुसार प्रगति लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री तिवारी ने नगर निगम, जिला पंचायत, एसडीएम, तहसीलदार सहित संबंधित जिला अधिकारियों को अपने विभागों से जुड़े अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग, मानवाधिकार आयोग, बाल संरक्षण आयोग, लोकायुक्त एवं सीएम मॉनिट से संबंधित प्रकरणों के मामलों में समय पर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

राजस्व विभाग की समीक्षा

राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने फार्मर रजिस्ट्री, फार्मर आईडी बकेटिंग, डिजिटाइजेशन एवं पीएम किसान ई-केवाईसी की प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर ने नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा एवं अभिलेख दुरूस्ती के लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा करते हुये इनके शीघ्र निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिये।

योजनाओं में लक्ष्यपूर्ति करें

कलेक्टर ने उद्योग, अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग, पशुपालन, मत्स्य, उद्यानिकी सहित अन्य विभागों की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के लंबित एवं स्वीकृत प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने स्वीकृत प्रकरणों में आवश्यक कार्रवाई शीघ्र पूरी कराने तथा निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने विशेष रूप से पीएम स्वनिधि योजना में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

बैठक में समस्त एसडीएम, जिला कार्यक्रम अधिकारी अब्दुल गफ्फार, जिला आपूर्ति अधिकारी रवि सिंह ठाकुर सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

नियमों का उल्लंघन करने पर की गई चालानी कार्यवाही

कटनी। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। माधवनगर गेट के पास तैनात ट्रैफिक पुलिस बल ने वाहन चालकों को समझाइश देते हुए कहा कि सड़क हादसों से बचाव काफी हद तक स्वयं वाहन चालक की सावधानी और यातायात नियमों के पालन पर निर्भर करता है। अभियान के दौरान बिना नंबर प्लेट चल रहे दोपहिया वाहनों, तीन सवारी, बिना लाइसेंस वाहन चलाने सहित अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन की जांच की गई। इसके साथ ही माधवनगर गेट स्थित जेब्रा क्रॉसिंग और ट्रैफिक सिग्नल पर भी विशेष निगरानी रखी गई। रेड लाइट के दौरान जेब्रा क्रॉसिंग पर वाहन खड़े करने वाले चालकों को समझाइश देकर सिग्नल एवं जेब्रा क्रॉसिंग के नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए। कार्रवाई के दौरान रेड लाइट जंप करने वाले चारपहिया एवं दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। अभियान में करीब 40 से 45 वाहनों पर चालानी कार्रवाई किए जाने की जानकारी सामने आई। पुलिस ने वाहन चालकों को बाइक चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने की भी समझाइश दी। छोटी सी लापरवाही कई बार गंभीर हादसे का कारण बनती है।

वृद्धजन समाज की अमूल्य धरोहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड बहोरीबंद के तत्वावधान में सेवा मेरा योगदान अभियान के अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कल्हैयाखुर्द एवं ग्रामीण युवाओं द्वारा ग्राम कल्हैयाखुर्द में वृद्धजनों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्राम के युवाओं द्वारा वृद्धजनों को गमछा एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया।

कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह ने कहा कि वृद्धजन हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभव, आदर्श, विचार एवं जीवन की सीख समाज को सही दिशा प्रदान करते हैं। वृद्धजनों का सम्मान करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उनके अनुभवों से प्रेरणा लेकर युवा पीढ़ी एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकती है। उन्होंने कहा कि हमें सदैव वृद्धजनों का स्नेह, मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त होता रहे, यही हमारी कामना है।कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने वृद्धजनों से आत्मीय संवाद किया तथा उनके जीवन के अनुभवों, विचारों एवं सामाजिक योगदान के बारे में चर्चा की। इस पहल से वृद्धजनों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बुजुर्गों के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता एवं सेवा की भावना को बढ़ावा देना तथा युवा पीढ़ी को सामाजिक सरोकारों से जोड़ना रहा।



इस अवसर पर नवांकुर संस्था के भूपेंद्र दाहिया, परामर्शदाता विनोद सिंह, बहादुर सिंह, कमल सिंह, दिव्येंदु यादव, शिव सिंह, महेंद्र सिंह, चतुर्थ सिंह, मनोहर सिंह, नरेंद्र सिंह, कदम सिंह, रत्नेश सिंह सहित अन्य ग्रामीणों की सहभागिता एवं सहयोग रहा।



कोटवारों ने हाथों पर काली पट्टी बांध मांगो को लेकर सौपा ज्ञापन

स्लीमनाबाद। राजस्व अनुभाग बहोरीबंद अंतर्गत आने वाले कोटवारों नें मध्यप्रदेश आजाद कोटवार संघ भोपाल के आव्हान पर अपनी न्यायोचित मांगो को पूरा करवाने सरकार के खिलाफ शांति पूर्वक विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं। कोटवार संघ नें सोमवार को अपने हाथों मे काली पट्टी बांध मांगो को पूरा करवाने नायब तहसीलदार माधव प्रसाद मूगरे को ज्ञापन सौपा!सौपे हुए ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि 21 अक्टूबर तक कोटवार अपनी हाथों मे काली पट्टी बांध कर अपनी न्यायोचित मांगो के समर्थन मे शांति पूर्वक कार्य करते रहेंगे ओर राज्य शासन के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान तहसील अध्यक्ष बारेलाल सचिव संतराम झारिया,किशन दाहिया, मंगल प्रसाद, सुरेश दहिया, पंकज दहिया, रवि कुमार बेन, विमला बाई, सावित्री बाई एवं समस्त कोटवार उपस्थित रहे।

आंगनबाड़ी केन्द्र में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



राष्ट्रीय पोषण माह अभियान के तहत आँगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 अमोच मे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट म .प्र जबलपुर संभाग अध्यक्ष नीतू शर्मा, जिलाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा के सहयोग से सेवा संकल्प अभियान-2026 के तहत हमारी आँगनबाड़ी, हमारी जिम्मेदारी थीम पर आंगन उत्सव/आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ जहाँ आशा कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं का स्वागत करते हुए ट्रस्ट की तरफ से आभार व्यक्त किया गया और छोटे बच्चो को पहाड़ा,पेन्सिल,चॉकलेट,बिस्कुट वितरण किया गया एवं बच्चो स्वच्छता का संदेश दिया गया। गर्भवती, धात्री, 0 से 6 वर्ष के बच्चों और अन्य महिलाओं को पोषण से जुड़ी जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि हरी सब्जी, मोटा अनाज सहित सभी पौष्टिक चीजें खानी चाहिए।आंगनबाड़ी केन्द्र पर सभी चीजों को रखकर प्रदर्शित किया गया ताकि कोई भी कुपोषित न रहे। आंगनबाड़ी केन्द्र मे वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान संभाग अध्यक्ष नीतू शर्मा, जिलाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा,अनिल हल्दकार,संध्या काछी,पुष्पलता काछी,नवल किशोर यादव,राहुल हल्दकार, राजकुमारी काछी .नितिन सोनी,संजीव बंसल, सचिव प्रकाश यादव,रजनी हल्दकार, मिथलेश यादव,आशा हल्दकार, काशीबाई एवं रागिनी काछी की उपस्थिति रही।

मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही



ग्राम पंचायत सलैया सिहोरा में ग्रामीणों एवं पशुपालकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर युवा कांग्रेस कमेटी बरही के ब्लॉक अध्यक्ष राज सिंह राज भैया ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपकर शीघ्र निराकरण की मांग की है।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, सड़क, गौशाला एवं गोचर भूमि से जुड़ी समस्याओं के कारण ग्रामीणों और पशुपालकों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञापन में प्रमुख मांगेंपानी की टंकी तत्काल चालू कर नियमित पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाएउप-स्वास्थ्य केंद्र नियमित रूप से संचालित कराया जाए तथा आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंआयुर्वेदिक उपचार केंद्र को नियमित रूप से संचालित कराया जाए विद्यालय में निर्धारित फीस के अतिरिक्त लिए जा रहे अनावश्यक शुल्क पर रोक लगाई जाए गांव की विद्युत व्यवस्था में सुधार कराया जाए तथा जरूरत वाले स्थानों पर नए बिजली पोल लगाए जाएंबरैला से सलैया सिहोरा मार्ग का निर्माण/सुधार कराया जाए सलैया सिहोरा मोड़ पर बस स्टैंड का निर्माण कराया जाए गांव में गौशाला एवं पशु आश्रय व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि पशुओं को सुरक्षित स्थान मिल सकेगोचर एवं गोचर उपयोग की शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए और पशुओं के चरने व आश्रय की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएपशुओं के लिए चारा-पानी एवं उचित चराई क्षेत्र की व्यवस्था ग्राम स्तर पर सुनिश्चित की जाए ज्ञापन में मांग की गई है कि ग्रामीण हित एवं पशुहित से जुड़े इन सभी मामलों में संबंधित विभागों कोआवश्यक निर्देश देकर शीघ्र कार्रवाई की जाए।

न्यायालय ने सुनाया फैसला, अर्थदंड से भी किया गया दंडित

बालक का अपहरण कर हत्या करने के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट, कटनी की अदालत ने बालक के अपहरण, उसके साथ प्रवेशन लैंगिक हमला और हत्या के मामले में आरोपी राहुल उर्फ भूर्ति को दोषी ठहराते हुए कठोर सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी को तिहरे आजीवन कारावास से दंडित किया है। इसमें एक आजीवन कारावास आरोपी के शेष प्राकृतिक जीवनकाल तक प्रभावी रहेगा। इसके साथ ही कुल 16 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है।

थाना माधवनगर के अपराध क्रमांक 10/2024 से संबंधित इस जघन्य एवं सनसनीखेज मामले में न्यायालय ने धारा 363 भादंसं में 5 वर्ष का सश्रम कारावास व 2 हजार रुपए अर्थदंड, धारा 377 में आजीवन कारावास व 5 हजार रुपए अर्थदंड, पॉक्सो एक्ट की धारा 5(एम) सहपठित धारा 6 में शेष प्राकृतिक जीवनकाल तक आजीवन कारावास व 5 हजार रुपए अर्थदंड, धारा 302 में आजीवन कारावास व 2 हजार रुपए अर्थदंड तथा धारा 201 में 5 वर्ष का सश्रम कारावास व 2 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

अभियोजन के अनुसार 4 जनवरी 2024 को पीड़ित बालक सुबह करीब 10 बजे खाना खाने के बाद खेलने के लिए घर से निकला था। शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने तलाश की और निवार चौकी में अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई। जांच के दौरान गांव के दो युवकों से पूछताछ में पता चला कि राहुल कोरी बालक को मोटरसाइकिल से खेत की ओर ले गया था।इसके बाद बालक की तलाश शुरू की गई। 6 जनवरी को नदी किनारे खेत में झाड़ियों के नीचे ताजा मिट्टी दिखाई दी। मिट्टी हटाने पर बालक का शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव का उत्खनन कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। विवेचना में आरोपी के विरुद्ध बालक के साथ लैंगिक हमला कर उसकी हत्या करने और शव को गड्ढा खोदकर दफनाने के साक्ष्य सामने आए।

विचारण के दौरान अभियोजन ने 32 साक्षियों के बयान और 62 दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किए। मामले में डीएनए संबंधी वैज्ञानिक रिपोर्ट को भी साक्ष्य के रूप में पेश किया गया। उपलब्ध मौखिक, दस्तावेजी और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी माना।

अभियोजन का संचालन विशेष लोक अभियोजक सह अभियोजन अधिकारी आशुतोष द्विवेदी एवं हरिकृष्ण त्रिपाठी ने किया। मीडिया सेल प्रभारी सुरेंद्र कुमार गर्ग ने प्रकरण की जानकारी दी।

न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए, पीड़ित बालक के माता-पिता को 4 लाख रुपए प्रतिकर दिलाए जाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भी आदेशित किया है।

शासकीय महावीर उमावि में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

विद्यार्थियों को साइबर फ्रॉड से बचाव की दी गई जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



मप्र जन अभियान परिषद, विकासखंड बहोरीबंद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत समाजकार्य में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की संपर्क कक्षाओं का संचालन अध्ययन केंद्र शासकीय महावीर उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बहोरीबंद में किया गया। इस अवसर पर सेवा मेरा योगदान अभियान के तहत परामर्शदाता उमा अवस्थी का सम्मान किया गया तथा साइबर जागरूकता दिवस के अंतर्गत विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में थाना प्रभारी सुदेश कुमार सुमन एवं छात्राओं द्वारा परामर्शदाता उमा अवस्थी को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। छात्राओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त किया।

साइबर जागरूकता सत्र में थाना प्रभारी सुदेश कुमार सुमन ने विद्यार्थियों को साइबर फ्रॉड के विभिन्न तरीकों, मोबाइल सुरक्षा, सोशल मीडिया की गोपनीयता एवं आवश्यक मोबाइल सेटिंग्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि अनजान लिंक पर क्लिक करने, संदिग्ध कॉल पर व्यक्तिगत जानकारी साझा करने तथा ओटीपी एवं बैंक संबंधी विवरण किसी अनजान व्यक्ति को देने से बचना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट की सुरक्षा मजबूत रखने और मोबाइल का सुरक्षित उपयोग करने के उपाय भी बताए।उन्होंने विशेष रूप से साइबर अरेस्ट के नाम पर की जाने वाली धोखाधड़ी के प्रति आगाह करते हुए कहा कि साइबर अरेस्ट जैसी कोई कानूनी प्रक्रिया नहीं है। यदि कोई व्यक्ति पुलिस अधिकारी या अन्य सरकारी अधिकारी बनकर साइबर अरेस्ट की धमकी देता है, तो घबराएं नहीं और तत्काल नजदीकी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं। साइबर वित्तीय धोखाधड़ी होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें तथा शिकायत दर्ज कराएं।

जागरूकता बेहद जरूरी

थाना प्रभारी ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं साइबर अपराधों के प्रति जागरूक रहें और अपने परिवार, गांव एवं समाज के अन्य लोगों को भी जागरूक करें। उन्होंने आगामी समय में साइबर सुरक्षा से संबंधित नवीनतम जानकारियां पुनः प्रदान करने की बात भी कही।

मड़ई में वृद्धजनों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नवांकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसायटी द्वारा संकल्प सेवा अभियान के तहत "सेवा मेरा योगदान" अभियान के अंतर्गत वृद्धजन सेवा, सम्मान समारोह का आयोजन ग्राम पंचायत भवन मड़ई में किया गया। कार्यक्रम के दौरान वृद्धजनों का सम्मान कर उन्हें श्रीफल भेंट कर एवं माल्यार्पण कर के उनके अनुभवों एवं योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। उपस्थित वृद्ध जनों के द्वारा अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए सेवा और सम्मान के इस प्रयास की सरायना की गई। उनके द्वारा सांस्कृतिक आयोजन के अंतर्गत भजनों की प्रस्तुति भी की गई।संस्था द्वारा समाज के वरिष्ठ नागरिकों के प्रति संवेदनशीलता, सम्मान एवं सेवा की भावना को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में बाल मुकुंद मिश्र ने 2 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक चलाए जा रहे इस अभियान के बारे में जानकारी देते हुए हमारे समाज में बुजुर्गों की अहमियत के बारे में बताया।

नवांकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष आर. एल. चौधरी ने कहा कि "वृद्धजन हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनकी सेवा और सम्मान करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। हमारी संस्था बारडोली वेलफेयर सोसायटी निरंतर सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के जरूरतमंद वर्गों तक सहायता पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर नवांकुर संस्था साध्वी जन कल्याण समिति की अध्यक्ष साध्वी निगम, कार्यक्रम अधिकारी शिवकुमार चौधरी ,परामर्शदाता श्रीमती रूपा बर्मन, सेक्टर प्रभारी गनपत कोल, समाजसेवी सतीश त्रिपाठी,रोजगार सहायक अभिषेक त्रिपाठी प्रस्फुटन समिति के सदस्य विकास गौतम, सहित ग्राम वासियों की सहभागिता रही।

खबर संक्षेप

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नेत्र जांच शिविर आज

पथरिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया में 6 अक्टूबर को नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में दमोह के नेत्र विशेषज्ञ डॉ. आशुतोष पटेल द्वारा सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक मरीजों की नेत्र जांच की जाएगी।शिविर में जांच के दौरान जिन हितग्राहियों की आंखों की दृष्टि के लिए चश्मे की आवश्यकता पाई जाएगी, उन्हें क्षेत्रीय विधायक एवं राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के माध्यम से निःशुल्क चश्मे वितरित किए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर नेत्र जांच कराएं और उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाएं।

पवित्र नगरी पवई में गूंजेगा राम नाम का जय घोष

पवई। देश विदेश में प्रख्यात बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज के द्वारा हिंदुओं को एक करने के उद्देश्य से सनातन हिंदू एकता रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी तैयारी को लेकर सोमवार को मां कलेही देवी मंदिर परिसर में बागेश्वर धाम शिष्य मंडल एवं धर्म प्रेमियों की बैठक संपन्न हुई, जिसमें आगामी कार्यक्रम की तैयारी व्यवस्थाओं आदि को लेकर चर्चा की गई एवं विचार विमर्श किए गए। बता दें कि यह सनातन हिंदू एकता रथ यात्रा 11 अक्टूबर को पन्ना से होकर 12 अक्टूबर को अमानगंज होते हुए सुबह 11रू00 बजे पवई पहुंचेगी, जहां मां कलेही देवी मेला प्रांगण में दोपहर 12 बजे एक मंचीय कार्यक्रम के आयोजन के साथ-साथ आशीर्वाद वचन भोजन प्रसाद एवं विश्राम भी होगा। तत्पश्चात यह सनातन हिंदू एकता रथ यात्रा हटा के लिए जाएगी एवं रात्रि विश्राम हटा में होगा। इस अवसर पर शैलेश नगायच, मोनू जैन, प्रदीप मिश्रा, दीपेंद्र सिंह, मधु गुलाब सोनी,बसंत दहायत, लोकेंद्र सिंह,शिवम पांडे सहित समस्त शिष्य मंडल एवं धर्म प्रेमी मौजूद रहे।

नवरात्र पर्व को लेकर बढ़ा उत्साह

मूर्तिकार आकर्षक स्वरूप में तैयार कर रहे प्रतिमाएं, कार्य अंतिम दौर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा



शारदीय नवरात्र पर्व नजदीक आते ही हटा नगर में तैयारियां तेज हो गई हैं। दुर्गा पूजा समितियों के पंडालों में मां दुर्गा की स्थापना को लेकर तैयारियों का दौर शुरू हो चुका है। वहीं दूसरी ओर मूर्तिकार भी मां दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। मूर्तिकारों सुबह से देर रात तक काम चल रहा है। कोई प्रतिमाओं को आकर्षक रंगों से सजा रहा है तो कोई मां के आभूषण, वस्त्र और मुकुट को अंतिम रूप देने में लगे है।

हटा के मूर्तिकार सुनील चक्रवर्ती अनिल चक्रवर्ती ने बताया कि महंगाई बढ़ने से मूर्तियों के दाम बढ़े हैं। रंग और अन्य साजो-सामान महंगे होने से एक मूर्ति की लागत एक हजार से दो हजार रुपये तक बढ़ गई है। मूर्तियों को मिट्टी से आकार देने के बाद अब उन पर सुंदर रंग, आकर्षक आभूषण और बारीक नक्काशी का काम तेजी से किया जा रहा है। मूर्तिकार ने बताया कि एक प्रतिमा को तैयार करने में महीनों की मेहनत लगती है, जिसमें ढांचा बनाने से लेकर रंग भरने तक का काम शामिल है। शारदीय नवरात्र जैसे-जैसे नजदीक आ रहा हैं, वैसे ही दुर्गा प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने का काम तेज हो गया है। उनके हाथ अब मिट्टी से बने ढांचों में रंग और श्रृंगार भरकर उन्हें जीवंत रूप दे रहे हैं।

कई रूपों में प्रतिमा को दे रहे आकार

मूर्तिकार सुनील चक्रवर्ती ने बताया कि शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में मूर्तिकारों द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमाएं तैयार की जा रही हैं। इस बार भी श्रद्धालुओं की पसंद और दुर्गा समितियों की मांग के अनुरूप अलग-अलग आकार और स्वरूप की प्रतिमाएं बनाई गई है। कहीं मां दुर्गा पारंपरिक स्वरूप में नजर आएंगी तो कहीं उन्हें आकर्षक व भव्य रूप दिया जा रहा है। प्रतिमाओं में रंगों के चयन से लेकर चेहरे की भाव-भंगिमा, आंखों की बनावट और आभूषणों की सजावट तक का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

पंडालों में भी शुरू हुई सजावट

वहीं हटा शहर की दुर्गा समितियां भी नवरात्र की तैयारियों में जुट गई है। पूजा पंडालों को आकर्षक स्वरूप देने के लिए सजावट और विद्युत व्यवस्था की जा रही है। इस बार कई समितियां विशेष थीम पर पंडाल तैयार करा रही है। नवरात्रि के दौरान भव्य पूजा-अर्चना, जगराता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की भी तैयारी है। प्रतिमाओं को अंतिम रूप दिए जाने के साथ ही शहर में नवरात्र का माहौल बनने लगा है। श्रद्धालु भी मां दुर्गा के आगमन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

हॉकी मध्य प्रदेश की वार्षिक बैठक एवं निर्वाचन संपन्न

दमोह। हॉकी मध्य प्रदेश की वार्षिक बैठक एवं निर्वाचन सत्य अशोका होटल, जबलपुर में निर्वाचन अधिकारी सेवानिवृत्त आईएएस गौरीशंकर मिंज की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में हॉकी इंडिया एवं मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के पर्यवेक्षकों की निगरानी में संगठन के आगामी कार्यों एवं हॉकी के विकास को लेकर चर्चा की गई।निर्वाचन में आगामी वर्षों के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें नितिन डिमोले को अध्यक्ष, लोकबहादुर को महासचिव, जगेनदर तोमर को कोषाध्यक्ष, कैलाश इकबाल को उपाध्यक्ष तथा बृजेश दुबे एवं हेमा को सहसचिव निर्वाचित किया गया। सदस्य के रूप में सुधीर टोपो, शकुन्तला, मकसूद सहित अन्य पदाधिकारी निर्वाचित हुए।हॉकी दमोह के विकास जैन ने बताया कि हॉकी के संचालन एवं विकास के लिए सभी के सहयोग से कार्य किया जाएगा। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को विजय वर्मा, गोर मास्साब, आभा, ललित नायक, हरिशंकर, राजेश सालोमन, राकेश गढ़वाल, अल्ताफ खान, फैयाज खान, तरुण नामदेव, विवियन राम, असार एवं इमरान सहित अन्य लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

रानी दुर्गावती की 502वीं जयंती पर सिंग्रामपुर में हुआ भव्य आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंग्रामपुर

सिंग्रामपुर ग्राम में वीरांगना रानी दुर्गावती की 502वीं जयंती श्रद्धा, उत्साह एवं गौरव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सिंग्रामपुर स्थित रानी दुर्गावती स्थल पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में माननीय धर्मेंद्र सिंह लोधी, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, पर्यटन एवं धर्मस्व विभाग, मध्यप्रदेश शासन ने समस्त कार्यकर्ताओं एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ रानी दुर्गावती को श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम के दौरान रानी दुर्गावती की प्रतिमा एवं स्मृति स्थल पर पुष्प अर्पित कर उनके अदम्य साहस, वीरता और बलिदान को याद किया गया। उपस्थित लोगों ने वीरांगना रानी दुर्गावती के जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके त्याग और मातृभूमि की रक्षा के लिए किए गए संघर्ष को स्मरण किया। इस अवसर पर खड़क सिंह ठाकुर एवं सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन ने कविता एवं वीरगाथा के माध्यम से रानी दुर्गावती के शौर्य और पराक्रम का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती ने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने स्वाभिमान और मातृभूमि की रक्षा के लिए अदम्य साहस का परिचय दिया। उनका जीवन साहस, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि रानी दुर्गावती केवल एक वीरांगना ही नहीं, बल्कि भारतीय इतिहास में महिला शक्ति, स्वाभिमान और अदम्य साहस का प्रतीक हैं। उनके जीवन एवं संघर्ष को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। जयंती समारोह के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने रानी दुर्गावती के आदर्शों को आत्मसात करने और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय लोगों की भी सहभागिता रही तथा पूरे वातावरण में वीरांगना रानी दुर्गावती के जयघोष से उत्साह का माहौल बना रहा। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने वीरांगना रानी दुर्गावती को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके त्याग, बलिदान, शौर्य और वीरता को याद किया।

अवैध रूप से चार्जिंग करते मिले 12 इलेक्ट्रिक वाहन, प्रकरण दर्ज

दमोह। अधीक्षण अभियंता, मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, दमोह के निर्देशन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग की जांच के लिए सघन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया, जहां **12 इलेक्ट्रिक वाहन अवैध रूप से चार्ज होते पाए गए। जांच में पाया गया कि संबंधित उपयोगकर्ताओं द्वारा निर्धारित नियमों एवं प्रावधानों का पालन किए बिना विद्युत ऊर्जा का उपयोग कर वाहनों की चार्जिंग की जा रही थी। अनाधिकृत विद्युत उपयोग पाए जाने पर विभागीय टीम ने मौके पर पंचनामा तैयार कर नियमानुसार कार्रवाई शुरू की। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या बढ़ने के साथ सुरक्षित एवं वैधानिक चार्जिंग व्यवस्था सुनिश्चित करना आवश्यक है। विद्युत वितरण प्रणाली पर अनावश्यक भार और सुरक्षा संबंधी जोखिमों को रोकने के लिए जांच अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति अथवा निर्धारित प्रावधानों के विपरीत विद्युत ऊर्जा का उपयोग करना विद्युत अधिनियम के तहत दंडनीय है। उन्होंने इलेक्ट्रिक वाहन उपयोगकर्ताओं से अपील की कि वाहनों की चार्जिंग केवल अधिकृत चार्जिंग स्टेशन अथवा स्वीकृत विद्युत कनेक्शन से ही करें। अवैध रूप से विद्युत उपयोग पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने नागरिकों से विद्युत चोरी एवं अवैध विद्युत उपयोग की जानकारी उपलब्ध कराने की अपील करते हुए कहा कि जिले में जांच एवं निगरानी अभियान निरंतर जारी रहेगा।

महिला महासभा ने आयोजित की टंकी सजाओ प्रतियोगिता



दमोह। अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में 5 अक्टूबर को मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा के मार्गदर्शन में महिला महासभा दमोह इकाई द्वारा टंकी सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आधुनिक समय में विवाह समारोहों में बारात के स्वागत के लिए टंकी सजाने की परंपरा को जीवंत रखने एवं महिलाओं की रचनात्मक प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से किया गया। मध्यप्रदेश महिला महासभा की कार्यवाहक अध्यक्ष श्रीमती रमा अग्रवाल ने कहा कि महिला महासभा समाज के कार्यों में सदैव सक्रियता से सहयोग करती है और समाज को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से निरंतर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करती है। प्रतियोगिता की प्रायोजक श्रीमती तारामणि अग्रवाल एवं जिला अध्यक्ष श्रीमती ज्योति अग्रवाल रहीं। प्रतियोगिता में महिलाओं ने आकर्षक एवं रचनात्मक तरीके से टंकियों को सजाया। प्रतिभागियों की कलात्मकता देखकर निर्णायक मंडल भी प्रभावित हुआ। निर्णायक की भूमिका श्रीमती रजनी खरे, जिला अध्यक्ष लायनेस क्लब एवं श्रीमती रोजी बग्गा, प्रदेश डायरेक्टर ने निभाई। प्रतियोगिता में महिला वर्ग से श्रीमती रिद्धि, मृदुला, अंजलि, राधा, सैफाली एवं रिया ने सहभागिता की। वहीं बालिका वर्ग में पिंकी, गुंजन, अंजलि, प्रियांशी एवं हर्षिता ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संभागीय उपाध्यक्ष रितु अग्रवाल, जिला अध्यक्ष तारामणि अग्रवाल, नगर अध्यक्ष अंजली, सांस्कृतिक मंत्री ज्योति, जिला मंत्री अर्चना, वंदना, सह सचिव निशा, मीडिया प्रभारी गरिमा, गायत्री, सीता, रानी, तनु, प्रिया, ज्योति, दीप्ति सहित महिला महासभा की सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मनाई रानी दुर्गावती की 502वीं जयंती



सिंग्रामपुर । सिंग्रामपुर ग्राम में वीरांगना रानी दुर्गावती की 502वीं जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सिंग्रामपुर स्थित रानी दुर्गावती स्थल पर जबेरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं गोंडवाना गणतंत्र पार्टी संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर वीरांगना रानी दुर्गावती को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने रानी दुर्गावती के चित्र एवं स्मृति स्थल पर पुष्प अर्पित कर उनके शौर्य, साहस और वीरता को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि रानी दुर्गावती ने अपने स्वाभिमान और मातृभूमि की रक्षा के लिए अदम्य साहस के साथ संघर्ष किया। उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओपी शर्मा, दीपक यादव, अखिलेश सोनी, प्रताप टेकाम, नितिन मिश्रा, टिंकू शर्मा, एम.एस. ठाकुर, उमराव सिंह ठाकुर, शिवलाल धुर्वे, मंजू सिंह, भगवत धनगर, लवकुश ठाकुर, ज्ञानी यादव, मुरली घोसी एवं दिनेश साहू सहित कांग्रेस एवं गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने रानी दुर्गावती के आदर्शों को आत्मसात करने तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का संदेश भी दिया गया। अंत में उपस्थित सभी लोगों ने वीरांगना रानी दुर्गावती को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके त्याग, बलिदान और वीरता को नमन किया।

महाराज अग्रसेन की महाआरती के साथ हुआ जयंती समारोह का आगाज



हटा। अग्रवाल समाज हटा द्वारा समाज में समानता, भाईचारा और एकता का संदेश देने वाले महाराजा अग्रसेन की जयंती पर 11 अक्टूबर तक अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को प्रति वर्षानुसार रतन बजरिया स्थित अग्रसेन धर्मशाला में महाराजा अग्रसेन जी एवं कुलदेवी माता महालक्ष्मी के चित्र पर समाज के अध्यक्ष उमेश चंद्र बजाज द्वारा पूजन अर्चन कर आरती के साथ आयोजनों की शुरुआत की। भोले फौजदार जी के संचालन के साथ प्रथम दिवस टैटू बनाओ प्रतियोगिता 2 वर्गों में रखी गई।जिसमें जूनियर वर्ग (06 वर्ष से 10 वर्ष) में 24 एवं सीनियर वर्ग (10 वर्ष से 15 वर्ष) में 14 प्रतियोगियों ने बड़े उत्साह से सहभागिता निभाई। इस प्रतियोगिता की प्रायोजक महिला मिलन समिति हटा रही। प्रतियोगिता की निर्णायक श्रीमती मंजू दिनेश फौजदार श्रीमति सपना संजीव फौजदार कु आस्था जैन रही। इन कार्यक्रमों के साथ पहले आओ पहले पाओ प्रतियोगिता का भी आयोजन रखा गया जिसमें श्रीमति निशु मयंक बजाज विजेता रही। कार्यक्रम के ही मध्य त्वरित एक मिनिट प्रतियोगिता श्रीमती पुष्पा जया बजाज द्वारा रखी गई जिसमें प्रथम श्रीमति सुमन नीरज बजाज द्वितीय श्रीमति सीमा दिनेश गुलरिया तृतीय श्रीमती प्राची ब्रजेश अग्रवाल रही । कार्यक्रम में समाज अध्यक्ष उमेश चन्द्र बजाज, पंच सुरेश फौजदार, पंच रवि अग्रवाल दिवाले वाले दिनेश फौजदार,सुरेंद्र अग्रवाल (न्यू बजरंग होटल) मनोज अग्रवाल, पंकज रीतेश फौजदार, सौरभ (प्रदीप फोटोकॉपी) प्रियांक बजाज, अंकित (कोटा वाले) रूपेश फौजदार महिला मंडल की ओर से अध्यक्ष श्रीमती रजनी सुरेंद्र अग्रवाल, शुभा सचिन अग्रवाल, श्रीमती शीला बजाज, श्रीमती पुष्पा श्रीमती जया बजाज, श्रीमती सरोज फौजदार, श्रीमति मंजू ब्या, श्रीमती रीता अग्रवाल, दिवाले वाले श्रीमती स्नेह बजाज के अलावा बड़ी संख्या में महिलाओं युवाओं एवं सजातीय बन्धुओं की उपस्थिति रही।

एकलव्य विश्वविद्यालय, दमोह में प्रथम दीक्षांत समारोह सम्पन्न

ज्ञान से शक्ति मिले, संस्कार से दिशा : डॉ.सुधा मलैया

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



एकलव्य विश्वविद्यालय, दमोह का प्रथम दीक्षांत समारोह 5 अक्टूबर 2026 को विश्वविद्यालय परिसर में गरिमामय एवं भव्य वातावरण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जयंत मलैया, पूर्व वित्त मंत्री, मध्यप्रदेश शासन एवं विधायक, दमोह तथा मुख्य संरक्षक, धर्मेंद्र सिंह लोधी, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार,संस्कृति, पर्यटन एवं धर्मस्व विभाग, मध्यप्रदेश शासन, लखन पटेल, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार,आनंद विभाग , मध्यप्रदेश शासन, प्रोफेसर खेम सिंह डेहरिया, सभापति, मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के साथ ही एकलव्य विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ.सुधा मलैया, प्रति कुलाधिपति श्रीमती पूजा मलैया, श्रीमती रति मलैया, आरुष जी महाराज, ओजस्विनी समदर्शी न्यास के उपाध्यक्ष विवेक शैंडेय, कुलगुरु प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार जैन, कुलसचिव डॉ.प्रफुल्ल शर्मा, मुख्य परीक्षा नियंत्रक डॉ.प्रकाश खंपरिया, अधिष्ठाता अकादमिक डॉ.शमा जे पी खानम, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ.शैलेन्द्र जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह का शुभारंभ शैक्षणिक शोभायात्रा से शुरू हुआ। अतिथियों का स्वागत साल, श्रीफल, तुलसी का पौधा और स्मृति चिन्ह देकर किया गया। स्वागत उद्बोधन एवं विश्वविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन कुलगुरु प्रोफेसर पवन कुमार जैन द्वारा प्रस्तुत किया गया। विश्वविद्यालय में 134 शैक्षणिक विधाओं में डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर एवं शोध पाठ्यक्रम का संचालन हो रहा है। तत्पश्चात कुलाधिपति डॉ.सुधा मलैया ने प्रबोधन दिया और बताया कि यह विश्वविद्यालय के लिए यह एक ऐतिहासिक अवसर है, क्योंकि प्रथम दीक्षांत समारोह के माध्यम से शोधार्थियों, स्नातकोत्तर एवं स्नातक विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए विधिवत पदक एवं उपाधियां प्रदान की जाएंगी। कुलाधिपति ने बताया कि यह केवल हमारा प्रथम दीक्षांत समारोह नहीं है, यह उस स्वप्न के साकार होने का अवसर है, जिसे हमने एक ऐसे विश्वविद्यालय के रूप में देखा था जहां ज्ञान के साथ संस्कार, शिक्षा के साथ कौशल और प्रतिभा के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व विकसित हो।हमारा प्रयास रहा है कि शिक्षा केवल क्लासरूम तक सीमित न रहे, विद्यार्थी प्रैक्टिकल लर्निंग प्राप्त करें। इसके पश्चात कुलसचिव डॉ.प्रफुल्ल शर्मा द्वारा दीक्षांत समारोह प्रारंभ करने का अनुरोध किया गया, जिसके बाद माननीय कुलाधिपति ने समारोह प्रारंभ करने की घोषणा की। सभी स्नातकों को मंत्री धर्मेंद्र लोधी ने शपथ दिलाई। इसके बाद कुलाधिपति द्वारा दो मानद उपाधियों जिसमें मुनिश्री आदित्य सागर जी महाराज एवं ब्रह्मचारी संदीप सरल को उनके द्वारा किए राष्ट्रहित में महत्वपूर्ण योगदान के सम्मान स्वरूप पीएचडी की मानद उपाधि प्रदान की। समारोह में विभिन्न पाठ्यक्रमों के पात्र विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के अनुरूप पदक एवं उपाधियां प्रदान की गईं।

कुलाधिपति ने कहा कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों को अपने ज्ञान एवं प्रतिभा का उपयोग समाज और राष्ट्र के विकास में करने के लिए प्रेरित करेगा। विज्ञान में विजय कुमार मलैया सर्वश्रेष्ठ स्वर्ण पदक सुश्री मोनिका ठाकुर, कला में जयंत कुमार मलैया सर्वश्रेष्ठ स्वर्ण पदक नानगा राम, सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता के आधार पर डॉ.सुधा मलैया बहुमुखी उत्कृष्टता की रनिंग शील्ड सतेंद्र यादव एवं कुलाधिपति स्वर्ण पदक सुश्री सुप्रिया कुमारी को प्रदान किया गया। इसके साथ ही संकायवार अकादमिक उत्कृष्टता के आधार पर स्वर्ण एवं रजत पदक भी प्रदान किया। इसके पश्चात संकायवार अलग अलग विषयों में उपस्थित पीएचडी, स्नातकोत्तर एवं स्नातक में 233 शोधार्थियों विद्यार्थियों को उपाधियां दी गईं शेष विद्यार्थियों को उनकी अनुपस्थिति में उपाधि प्रदान करने की घोषणा की गई। विश्वविद्यालय की प्रति कुलाधिपति श्रीमती पूजा मलैया एवं श्रीमती रति मलैया ने सभी उपाधि प्राप्तकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं। इसके पश्चात विवेक शैंडेय ने अपने उद्बोधन में बताया कि राष्ट्र को केंद्र में रखकर शोध के क्षेत्र में हमें और अधिक सक्रिय होने की जरूरत है, जिससे राष्ट्र की समस्याओं का समाधान हो सके। प्रोफेसर खेम सिंह डेहरिया ने बताया कि यह अत्यंत गौरव का क्षण है। हमें सत्य, प्रेम एवं करुणा को अपनाते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा के अलग अलग आयामों पर नवाचार की जरूरत है। इसी कड़ी में आरुष जी महाराज ने अपने प्रबोधन में बताया कि हमारे देश में शिक्षांत नहीं होता बल्कि दीक्षांत होता है। यह प्रमाणित करता है कि अपनी संस्कृति से जुड़े हैं, यह गौरव की बात है।

राज्यमंत्री लखन पटेल ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए इस ज्ञान के प्रसार की बात कही।

इसी अनुक्रम में धर्मेंद्र लोधी ने भी सभी उपाधि प्राप्तकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए भारतीय संस्कृति के अक्षुण्णता की बात कही।

आशीर्वचन प्रदान करते हुए मुख्य अतिथि जयंत मलैया ने शिक्षा के साथ ही संस्कारों पर जोर दिया और बताया कि संस्कार की हमारे भारतीय समाज की पहचान है। समारोह का मंच संचालन लेफ्टिनेंट डॉ. हृदय नारायण तिवारी ने किया।

तहसील ग्राउंड पर हुआ संभाग स्तरीय राठौर गोल्ड कप का समापन

दमोह। तहसील ग्राउंड पर संभाग स्तरीय राठौर गोल्ड कप टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के स्वतंत्र प्रभार मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, पूर्व वित्त मंत्री एवं विधायक दमोह जयंत मलैया, सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल सहित राठौर समाज एवं बड़ी संख्या में खेलप्रेमी मौजूद रहे।समापन अवसर पर मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने बल्लेबाजी की, जबकि गौरव पटेल एवं श्याम शिवहरे ने गेंदबाजी की। सांसद राहुल सिंह लोधी ने विकेटकीपिंग कर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।फाइनल मुकाबला पुनीत-11 और एनएस क्लब हटा के बीच खेला गया। एनएस क्लब हटा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 9 विकेट खोकर 74 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पुनीत-11 ने 6.1 ओवर में 6 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर शानदार जीत दर्ज करते हुए राठौर गोल्ड कप अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में ताहिर खान ने शानदार प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट की मैन ऑफ द सीरीज आदित्य सिंह, बेस्ट बल्लेबाज शुभम ककरा और बेस्ट गेंदबाज छोटू पाली रहे।आयोजक महेंद्र सिंह राठौड़ (बिट्टू) ने बताया कि यह आईपीएल की तर्ज पर आयोजित ऑक्शन बेस्ड संभाग स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता है। प्रतियोगिता में 500 से अधिक खिलाड़ियों की 16 टीमों के लिए नीलामी की गई। प्रत्येक टीम में 15 खिलाड़ियों का चयन हुआ, जिसमें 12 खिलाड़ी दमोह जिले के तथा 3 खिलाड़ी जिले के बाहर के शामिल किए गए।टूर्नामेंट का लाइव प्रसारण एपी स्पोर्ट्स यूट्यूब चैनल पर किया गया। प्रतियोगिता के ब्रांड एंबेसडर आदित्य सिंह रहे। राठौर वॉरियर्स के सदस्य सोनू पठान एवं गणेश चक्रवर्ती ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजक महेंद्र सिंह राठौड़ ने सफल आयोजन के लिए सभी अतिथियों, खिलाड़ियों, सहयोगियों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आगामी समय में भी इस तरह की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन जारी रहेगा।



आंगनबाड़ी केंद्र में हुआ वृद्धजनों का सम्मान



हटा। नगर के संजय वार्ड आंगनबाड़ी केंद्र में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद हटा द्वारा सेवा सेतु अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित कर पार्षद प्रतिनिधि रितेश अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में 10 वृद्धजनों का फूलमाला पहनाकर एवं फल भेंट कर सम्मान किया गया। जिससे गुलाब रानी पटेल, कुसुम रानी पटेल, गुलाब रानी प्रजापति, कमल रानी पटेल, पूजा बाई यादव, आशा पटेल, कृष्णा लखेरा, शांति पटेल, फूलबाई रजक एवं चमेली चौरसिया शामिल रहीं। इस अवसर पर जन अभियान परिषद ब्लॉक समन्वयक श्रीमती पुष्पा सिंह, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रेखा पटेल, मीना विदुआ, स्वाती दीक्षित, परामर्शदाता सुनील सेन, कृष्णकांत लखेरा सहित संस्था के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में पुष्पेंद्र पांडे ने सभी वृद्धजनों एवं उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

चौपरा पटी और हरदुआ सड़क में बेखौफ बदमाशों का तांडव:

बुजुर्ग महिला को बंधक बनाकर लूटे जेवर-नकदी,दो गांवों में ढाया कहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार

दमोह जिले के जबेरा और नोहटा थाना क्षेत्रों में लगातार दो रातों में हुई भीषण चोरी और डकैती की वारदातों से पूरा इलाका थर्रा उठा है। चंडी चोपरा (चौपरा पटी) में फोर व्हीलर से आए 4 से 5 नकाबपोश बदमाशों ने घर में अकेली रह रही 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला को बंधक बनाकर सोने-चांदी के जेवर व नकदी पार कर दिए। बदमाशों ने महिला के हाथों से चूड़ियां और पैरों से पायल तक छीन लीं। वहीं चंद कदम दूर कट्टे-चाकू की नोक पर दूसरे घर में धावा बोला गया। इस खौफनाक वारदात के ठीक अगली रात सीमावर्ती गांव हरदुआ सड़क में भी 7 घरों के ताले तोड़कर लाखों की संपत्ति समेट ली गई।

मुंह दबाकर एक घंटे तक बनाया बंधक, कटर से काटे ताले

पीड़ित बुजुर्ग महिला सुहाग रानी प्रजापति के नाती मुकेश प्रजापति ने बताया कि उनकी दादी घर में अकेली रहती हैं और उनके चाचा काम के सिलसिले में बाहर गए हुए हैं। शुक्रवार-शनिवार की मध्यरात्रि करीब 1:00 बजे हाफ पैंट पहने और चेहरे पर नकाब बांधे 4-5 नकाबपोश बदमाश फोर व्हीलर से आए। बदमाशों ने लोहे के दरवाजे



के ताले व साँकल कटर से काटे और अंदर घुसकर बुजुर्ग महिला का मुंह दबा दिया ताकि वे चिल्ला न सकें।

बदमाशों ने करीब एक घंटे तक कमरे को खंगाला और पेटी के ताले तोड़कर लगभग 1.5 से 2 किलो चांदी, सोने की पांचाली, अन्य जेवर और 15,000 रुपये नगद लूट लिए। जाते-जाते बदमाशों ने वृद्धा के हाथों की चांदी की चूड़ियां और पैरों की पायल भी उतरवा लीं।

कट्टे की नोक पर दी जान से मारने की धमकी

उसी रात बदमाशों ने चंद कदम दूर दूसरे घर की शटरों का ताला तोड़कर धावा बोला। परिजनों का आरोप है कि कट्टा व चाकू दिखाकर चिल्लाने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ितों का कहना है कि वारदात के तुरंत बाद 112 डायल करने पर 15 मिनट में पहुंचने का आश्वासन दिया गया, लेकिन 3 घंटे बीतने के बाद भी पुलिस नहीं आई। यहां तक कि पुलिस अगले दिन शाम 4 बजे तक भी जांच करने नहीं पहुंची। घटना की जानकारी शनिवार सुबह सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद उजागर हुई।

अगली रात नोहटा के हरदुआ सड़क में 7 घरों के टूटे ताले

जबेरा का खौफ शांत भी नहीं हुआ था कि शनिवार-रविवार की मध्यरात्रि नोहटा थाना क्षेत्र के ग्राम हरदुआ सड़क में चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। चोरों ने हरिजन मोहल्ले में डरे अहिरवार और कमलेश अहिरवार सहित 7 घरों के ताले तोड़ दिए। पीड़ित कमलेश अहिरवार ने बताया कि उन्होंने घर में 13वीं के कार्यक्रम व अन्य खर्चों के लिए कर्ज लेकर 50,000 रुपये रखे थे, जिसे चोर ले उड़े।

बनवार में भी पूर्व में हुई थी ऐसी ही वारदात

स्थानीय निवासियों का अंदेशा है कि बदमाशों को बुजुर्ग महिला के अकेले रहने और घर में जेवरात रखे होने की सटीक जानकारी थी। लगातार बढ़ती वारदातों ने पुलिस गश्त पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। 2-3 महीने पूर्व भी बनवार पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम बनवार में नसैनी (सीढ़ी) लगाकर और खिड़की काटकर लाखों की चोरी की गई थी, जिसके खाली बक्से घटेरा के जंगलों में मिले थे। उस मामले में भी पुलिस अब तक खाली हाथ है, जिससे ग्रामीणों में असुरक्षा और दहशत का माहौल है।

इनका कहना है

चोरी का मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी गई है, हालांकि पुलिस ने आधिकारिक तौर पर डकैती या लूट की पुष्टि से इंकार किया है। - **रविंद्र बागरी**
थाना प्रभारी, जबेरा

पीड़ितों के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया है।
- अर्चना अहीर, एसडीओपी

हरदुआ सड़क में एक घर में चोरी और दो-तीन घरों के ताले टूटने की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। - **अभिषेक पटेल,**
टीआई, नोहटा

गर्भवती गाय की हत्या मामले में 9 आरोपी गिरफ्तार, कोर्ट ले जाते समय दिखी भीड़

कसाई मंडी और नूरी नगर में पुलिस की दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



शहर के कसाई मंडी क्षेत्र में 3 अक्टूबर को सामने आए गर्भवती गाय की हत्या के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सोमवार को 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मामले में कुछ अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश के लिए पुलिस टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।घटना के बाद शहर में विरोध की स्थिति बनी थी।

हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता घंटाघर क्षेत्र में एकत्रित हुए और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था। प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली थी। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव द्वारा कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ।कसाई मंडी और नूरी नगर में दबिशपुलिस ने घटना की जांच तेज करते हुए कसाई मंडी और नूरी नगर क्षेत्र में सूचनाएं एकत्रित कीं।

प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस टीमों ने विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि मामले में फरार आरोपियों की तलाश जारी है।प्रशासन ने भी की कार्रवाईपुलिस कार्रवाई के साथ प्रशासन, नगर पालिका और खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमों ने भी संबंधित क्षेत्रों में निरीक्षण किया। चिन्हित स्थानों पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के साथ कुछ स्थानों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी की गई।नगर पुलिस अधीक्षक एचआर पांडे के अनुसार गिरफ्तार किए गए 9 आरोपियों को सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया।

पुलिस अब मामले की विवेचना करते हुए घटना से जुड़े अन्य तथ्यों और फरार आरोपियों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।गिरफ्तारी की सूचना पर थाना और न्यायालय परिसर में भीड़9 आरोपियों की गिरफ्तारी की सूचना मिलने के बाद सिटी कोतवाली थाना परिसर और न्यायालय की ओर जाने वाले मार्ग पर लोगों की भीड़ दिखाई दी।

सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस बल तैनात रहा और पुलिस की मौजूदगी में आरोपियों को न्यायालय ले जाया गया। पुलिस के अनुसार मामले में आगे की कार्रवाई जारी है और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

भरे बाजार में सराफा व्यापारी का चांदी से भरा थैला चोरी, मचा हड़कंप

पटेरा। नगर के व्यस्ततम साप्ताहिक हाट बाजार में सोमवार शाम करीब 5:30 बजे सराफा व्यापारी का चांदी के आभूषणों से भरा थैला अज्ञात चोर द्वारा चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद बाजार में हड़कंप की स्थिति बन गई।जानकारी के अनुसार सराफा व्यापारी राकेश सोनी साप्ताहिक हाट बाजार में अपनी दुकान लगाते हैं। शाम को दुकान समेटते समय उन्होंने चांदी के सभी आभूषण एक थैले में रखे थे। इसी दौरान भीड़भाड़ का फायदा उठाकर अज्ञात व्यक्ति चांदी से भरा पूरा थैला लेकर फरार हो गया।घटना का पता चलते ही व्यापारी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और व्यापारी से जानकारी लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि संदिग्ध की पहचान कर चोरी का खुलासा किया जा सके।

टाइगर रिजर्व के विकास में बाधा बना ब्यारमा का टूटा पुल

पर्यटक घूमने जाना चाहते हैं, लेकिन रास्ते की बाधा तोड़ रही पर्यटन की उम्मीदें; स्थानीय कारोबार भी पड़ा ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा

वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व की ऐतिहासिक धरती, प्राकृतिक सुंदरता और वन्यजीवों को देखने के लिए तेंदूखेड़ा, पाटन, जबलपुर सहित आसपास के सैकड़ों लोग पर्यटन की योजना बना रहे हैं, लेकिन ब्यारमा नदी पर बना टूटा पुल उनकी राह में बड़ी बाधा बन गया है। पुल के क्षतिग्रस्त होने से पर्यटकों और राहगीरों की आवाजाही प्रभावित है, जिसका सीधा असर स्थानीय पर्यटन और छोटे कारोबार पर पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार **31 जुलाई 2025 को ब्यारमा नदी में आई बाढ़ से पुल की ऊपरी परत पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसके बाद से पुल का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। एक वर्ष से अधिक समय बीतने के बाद भी आवागमन सामान्य नहीं होने से क्षेत्रवासियों में नाराजगी है। पुल चालू रहने के दौरान झलोन क्षेत्र में चाय-नाश्ता, वाहन, स्थानीय हस्तशिल्प सहित कई छोटे कारोबार पर्यटकों और राहगीरों की आवाजाही से चलते थे। दुकानदारों का कहना है कि अक्टूबर माह में सुबह से शाम तक पर्यटकों की भीड़ रहती थी, लेकिन पुल टूटने के बाद व्यापार लगभग ठप हो गया है।



कई लोगों ने दुकानें बंद कर मजदूरी का काम शुरू कर दिया है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में वन्यजीवों को देखने के लिए लोगों में उत्साह है। क्षेत्र में बाघों की संख्या बढ़ने के साथ अन्य वन्यजीवों को देखने की इच्छा भी लोगों में है। झलोन से टाइगर रिजर्व की दूरी करीब 25 से 30 किलोमीटर है, लेकिन पुल बंद होने के कारण लोगों को घूमकर करीब 50 किलोमीटर का अतिरिक्त रास्ता तय करना पड़ता है।

स्थानीय लोगों के मुताबिक पुल का निर्माण केवल आवागमन की सुविधा के लिए ही नहीं, बल्कि पर्यटन और स्थानीय रोजगार के लिए भी महत्वपूर्ण है। पुल बनने से तेंदूखेड़ा, पाटन, जबलपुर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को टाइगर रिजर्व तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी और झलोन सहित आसपास के गांवों में पर्यटन आधारित कारोबार को भी गति मिल सकती है।

किसानों और दुग्ध कारोबारियों को भी परेशानी

पुल टूटने से किसानों और दुग्ध व्यवसाय से जुड़े लोगों की परेशानी भी बढ़ गई है। झापन, सुरादेही, नयाखेड़ा सहित आसपास के गांवों के किसानों ने बताया कि फसल मंडी तक उपज पहुंचाने में अतिरिक्त दूरी और समय लग रहा है। वहीं झलोन की दुग्ध डेयरी तक दूध समय पर नहीं पहुंच पाने से दुग्ध कारोबारियों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र की अर्थव्यवस्था काफी हद तक राहगीरों, पर्यटकों, मजदूरी और छोटे कारोबार पर निर्भर है। पुल बंद होने से इन सभी गतिविधियों पर प्रतिकूल असर पड़ा है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से ब्यारमा नदी के पुल का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने की मांग की है, ताकि आवागमन बहाल होने के साथ पर्यटन, कृषि और स्थानीय कारोबार को भी राहत मिल सके।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना की सूची पर उठे सवाल

बटियागढ़। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 8 अक्टूबर 2026 को प्रस्तावित जगन्नाथपुरी यात्रा के लिए बटियागढ़ जनपद क्षेत्र से जारी सूची को लेकर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि योजना की सूची में आर्थिक रूप से संपन्न लोगों के साथ कुछ जनप्रतिनिधियों के नाम भी शामिल हैं। इससे योजना के पात्र हितग्राहियों के चयन को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का उद्देश्य गरीब, बुजुर्ग और जरूरतमंद श्रद्धालुओं को धार्मिक स्थलों की यात्रा का अवसर उपलब्ध कराना है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि योजना की सूची में आर्थिक रूप से सक्षम लोगों का चयन हुआ है तो वास्तविक जरूरतमंदों के हक को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है।

तीन-चार बार फॉर्म भरे, फिर भी नहीं आया नाम

क्षेत्र के खिलान सिंह (70) ने चयन प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने योजना का लाभ लेने के लिए तीन से चार बार आवेदन फार्म भरे, लेकिन उनका नाम सूची में नहीं आया। उन्होंने कहा कि एक फार्म भरने में करीब 200 रुपए का खर्च आता है। इसके अलावा आवेदन जमा करने के लिए आने-जाने में समय और पैसा भी खर्च होता है।

खिलान सिंह का आरोप है कि एक ओर जरूरतमंद बुजुर्ग बार-बार आवेदन करने के बाद भी सूची में जगह नहीं बना पा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के आर्थिक रूप से संपन्न लोगों के नाम सूची में दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने बटियागढ़ जनपद के कर्मचारियों पर भी आरोप लगाया कि उनके स्तर से अपने-अपने चहेते लोगों के नाम सूची में शामिल कराए गए हैं। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

जनप्रतिनिधियों के नाम पर भी उठे सवाल

सूची में कुछ जनप्रतिनिधियों के नाम होने की बात भी सामने आई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि संबंधित व्यक्ति योजना के निर्धारित मापदंडों के तहत पात्र हैं तो उनकी पात्रता स्पष्ट की जानी चाहिए। वहीं, यदि वे पात्रता की शर्तें पूरी नहीं करते हैं तो चयन प्रक्रिया की जांच कर वास्तविक पात्र हितग्राहियों को लाभ दिया जाना चाहिए।

जिला स्तर से आई सूची, जनपद सीईओ ने दिया जवाब

मामले में जनपद पंचायत बटियागढ़ की सीईओ अश्विनी सिंह ने बताया कि हितग्राहियों की सूची जिला स्तर से तैयार होकर जनपद पंचायत को भेजी गई है। प्राप्त सूची के अनुसार ही जनपद स्तर पर उसे चस्पा कराया गया है।

अब सवाल यह है कि 8 अक्टूबर को प्रस्तावित जगन्नाथपुरी यात्रा के लिए जारी सूची में शामिल सभी हितग्राही योजना के निर्धारित मापदंडों पर खरे उतरते हैं या नहीं। आरोपों की निष्पक्ष जांच होने पर ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। स्थानीय लोगों ने चयन सूची, पात्रता और दस्तावेजों की जांच कराने की मांग की है, ताकि योजना का लाभ वास्तव में जरूरतमंद बुजुर्ग और असहाय श्रद्धालुओं को मिल सके।

जामसा में राज्यमंत्री ने किया नवनिर्मित पंचायत भवन का लोकार्पण

दमोह। विधानसभा क्षेत्र के दोनों विकासखंडों की ऐसी सभी ग्राम पंचायतों में, जहां स्वयं का पंचायत भवन नहीं था, वहां पंचायत भवन स्वीकृत कर निर्माण कार्य कराया गया है। प्रारंभिक सूची के बाद शेष बची तीन पंचायतों के लिए भी स्वीकृति दिलाकर भवन निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया है। इसके साथ ही विधायक निधि एवं अन्य शासकीय योजनाओं के माध्यम से क्षेत्र में लगातार सामुदायिक भवनों का निर्माण भी कराया जा रहा है। इस आशय के विचार प्रदेश के आनंद विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने ग्राम जामसा में नवनिर्मित पंचायत भवन के लोकार्पण के दौरान व्यक्त किए। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यक सुविधाओं का विस्तार सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। श्री पटेल ने कहा सरकार द्वारा जनहित में कठिन प्रयासों के बाद विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृत की जाती है। ऐसे में सार्वजनिक सुविधाओं के निर्माण में आमजन का सहयोग महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा अस्पताल, स्कूल सहित अन्य सार्वजनिक संस्थानों के निर्माण के लिए यदि गांव में ही उपयुक्त शासकीय अथवा निजी भूमि उपलब्ध कराने में सहयोग मिले, तो इन सुविधाओं का सीधा लाभ ग्रामीणों को मिल सकेगा।



जनसमस्याओं के निराकरण में उदासीनता बर्दाश्त नहीं- कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज आमजन की शिकायतों के निराकरण में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर

सीएम हेल्पलाइन में लापरवाही : वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी तत्काल प्रभाव से निलंबित

प्रताप नारायण यादव ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की अनदेखी करने पर विकासखंड बटियागढ़ के वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी दिनेश कुमार पटेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। विगत 5 माह से दमोह जिला 'A' ग्रेड पर कायम उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन एवं मैदानी अमले के सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप जिला विगत 5 माह से लगातार राज्य स्तर पर सीएम हेल्पलाइन की रैंकिंग में 'A' ग्रेड प्राप्त कर रहा है। जिले में आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। समीक्षा के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी (बटियागढ़) दिनेश कुमार पटेल द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज आवेदनों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा था। प्रकरणों का समय पर निराकरण करने के बजाय वे आवेदनों को बिना खोले ही 'Not Attended' श्रेणी में छोड़ रहे थे। चालू माह में भी उनके स्तर पर लगभग 10 शिकायतें बिना किसी कार्रवाई के 'Not Attended' पाई गईं। कलेक्टर श्री यादव के द्वारा दिए निर्देशों के बावजूद कार्यशैली में सुधार न परिलक्षित होने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए यह निलंबन आदेश जारी किया गया है। उन्होने कहा सीएम हेल्पलाइन का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं संवेदनशीलता के साथ समाधान करना है। अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने वाले किसी भी अधिकारी-कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा। सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी और तत्परता के साथ जनसमस्याओं का निवारण सुनिश्चित करें।

सेवानिवृत्त शिक्षक प्रजापति का निधन

हटा। प्रजापति समाज के वरिष्ठ मार्गदर्शक शास्त्री वार्ड गढ़िया निवासी कपड़ा व्यवसाय मुकेश प्रजापति के पूज्य पिता श्री कालका प्रसाद प्रजापति सेवानिवृत्त शिक्षक 89 वर्ष का बीमारी के चलते विगत शनिवार को 3 अक्टूबर को निधन हो गया जिनके अंतिम संस्कार में समाज के साथ सभी वर्गों के लोगों ने सम्मिलित होकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की।



1500 छात्राओं को पढ़ाया सड़क सुरक्षा का पाठ

दमोह। पुलिस परिवहन एवं शोध संस्थान (PTRI), पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं सुरक्षित यातायात को बढ़ावा देने के लिए जिले में 10 दिवसीय प्रवर्तन एवं जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक दमोह आनंद कलादगि (IPS) के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा विभिन्न विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।इसी क्रम में शासकीय EFA जेपीबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, दमोह में यातायात जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। यातायात थाना प्रभारी दलबीर सिंह मार्को ने करीब 1500 छात्राओं को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी।उन्होंने दोपहिया वाहन चलाते समय ISI मार्क हेलमेट तथा चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि हेलमेट और सीट बेल्ट चालानी कार्रवाई से बचने के साधन नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा करने वाले कवच हैं।कार्यशाला में छात्राओं को पीएम राहत योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायलों को मिलने वाली कैशलेस उपचार सुविधा, राह-वीर योजना तथा दुर्घटना के बाद के 'गोल्डन आवर' के महत्व की जानकारी दी गई। छात्राओं को बताया गया कि दुर्घटना के तुरंत बाद घायल को अस्पताल पहुंचाने से उसकी जान बचाई जा सकती है और मदद करने वाले राह-वीरों को शासन द्वारा प्रोत्साहित किया जाता है।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय स्टाफ एवं छात्राओं ने यातायात नियमों का पालन करने तथा अपने परिवार एवं समाज को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।



चुनावी रंजिश में फायरिंग, युवक पर जानलेवा हमला

दमोह। देहात थाना क्षेत्र की जबलपुर नाका चौकी अंतर्गत आने वाले एरोरा जमुनिया गांव में आज सोमवार शाम 7 बजे चुनावी रंजिश को लेकर विवाद के बाद आधा दर्जन से अधिक लोगों द्वारा युवक पर धारदार हथियार से हमला और गोली चलाने का मामला सामने आया है। घटना में गोलू यादव उम्र 32 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां मौजूद डॉक्टरों ने उपचार शुरू कर दिया है। घायल के परिजनों के मुताबिक गांव के ही लकी यादव, विनय यादव, हाकम यादव, विक्रम यादव, संतोष यादव, दिलीप यादव सहित अन्य लोगों ने गोलू पर हमला किया। परिजनों ने लकी यादव पर गोली चलाने का भी आरोप लगाया है। घटना की सूचना पर जबलपुर नाका चौकी



पुलिस मौके पर पहुंची। प्रधान आरक्षक जालम सिंह पटेल ने बताया कि एक आरोपी पर पूर्व में हत्या और मारपीट समेत तीन से अधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस को मौके से गोली का खोखा नहीं मिला। जबकि परिजनों ने खुलेआम घूमने सहित आरोपी के द्वारा खुलाम देहशत पैदा करने गोली से हमला किया गया। घटना के बाद देहात थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय मौके पर पहुंचे। जिन्होंने घायल और परिजनों के बयान दर्ज कर मामले की जांच और फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।